कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, पिथौरागढ़ वन प्रभाग, पिथौरागढ़।

E-mail: dfopithoragarh@rediffmail.com Fax & ☎ 05964- 225234

पत्रॉक 2062 /12-1 दिनांक, पिथौरागढ़, 4-12-2019।

सेवा में

वन संरक्षक,
उत्तरी कुमाऊँ वृत्त,
उत्तराखण्ड, अल्मोड़ा।

विषयः– स्यूती राम मंदिर मोटर मार्ग के ब्याती से थामा तक मोटर मार्ग प्रस्ताव सं0 37741/2018 के सम्बन्ध में।

संदर्भः– आपका पत्रांक 1691/12–1(2) दिनांक 14.11.2019

महोदय,

उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करें, जो प्रभागीय वनाधिकारी पिथौरागढ़ को सम्बोधित है। संदर्भित पत्र के क्रम में अवगत करना है कि विषयांकित मार्ग के निर्माण हेतु पूर्व में ही अन्य दो वैकल्पिक समरेखनों पर विचार किया गया, अन्य वैकल्पिक समरेखनों पर अत्यधिक बांज व चौड़ी पत्ती के वृक्ष प्रभावित होते हैं। प्रस्तावित समरेखन में कम से कम वृक्ष व वन भूमि प्रभावित होती है। इसके अतिरिक्त अन्य कोई वैकल्पिक समरेखन मार्ग निर्माण हेतु उपलब्ध नही है। स्थानीय जनता काफी लम्बे समय से मार्ग के निर्माण हेतु प्रयासरत है, पर्वतीय क्षेत्र की विषम भौगोलिक परिस्थिति एवं व्यापक जनहित को ध्यान में रखते हुए प्रस्ताव अग्रसारित करने की कृपा करें, जिससे व्यापक जनहित प्रभावित न हो।

भवदीय

प्रभागीय वनाधिकारी,
पिथौरागढ़ वन प्रभाग, पिथौरागढ़।